सुविचार

*जिनको अपने काम पर भरोसा होता है वो जॉब करते हैं और जिन्हें अपने आप पे भरोसा होता है वह बिज़नेस करते हैं।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 7, अंक-41 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 18 नवंबर 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# कटंगी विकासखंड में महिला समूहों को 1.12 करोड़ रुपये की राशि का वितरण








**युवा प्रदेश ❑ कटंगी**

कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा व जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार के निर्देशन में और जिला परियोजना प्रबंधक श्री ओम प्रकाश बेदुआ व ब्लॉक नोडल मुकेश बिसेन जिला प्रबंधक फाइनेंस श्रीमती डॉ ममता मंडाले के मार्गदर्शन में आज 17 नवंबर को बैंक ऑफ महाराष्ट्र बोनकट्टा के शाखा प्रबंधक श्री सौम्यजीत चक्रवर्ती के सहयोग से आजीविका मिशन जनपद पंचायत कटंगी में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा बोनकट्टा के माध्यम से जनपद पंचायत अंतर्गत गठित 42 स्व सहायता समूह को केश क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से महिलाओं को 1 करोड़ 12 लाख पचास हजार रुपये की राशि वितरित की गई। इस राशि का चेक जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख के द्वारा वितरित किया गया। मप्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक एवम आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जाता है।

इसी दिशा में वि.ख. में तैनात अमले द्वारा समस्त समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उनकी आजीविका को बढ़ाया जा सके और महिलायें आर्थिक रूप से सक्षम बन सके। आज वितरित की गई इस राशि से महिलाओं द्वारा उनके छोटे छोटे कुटीर व लघु उद्योग का संचालन करके अपनी आजीविका चलाने के साथ ही अन्य लोगो को रोजगार देने का कार्य करेंगे । महिलायें समूह के बैंक खाते में राशि पाकर बहुत प्रसन्न हुई और बैंक व आजीविका मिशन स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में बैंक के स्टॉफ व वि.ख. प्रबंधक श्रीमती प्रतिमा सोनी, सहायक वि.ख. प्रबंधक लक्ष्मीकांत बंसोड़, मुहर्ष एरके, आलोक डोंगरे व माया फूलोके कार्यालय सहायक भावेश परिहार का विशेष सहयोग रहा।

# बाल लैंगिक शोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया



**युवा प्रदेश ❑ नर्मदापुरम**

बाल संरक्षण सप्ताह के तहत शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदा पुरम में बाल लैंगिक शोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे एनएसएस बालक विंग के प्रभारी डॉ सुनील दिवाकर , एनएसएस बालिका बिंग प्रभारी डॉ इरा वर्मा के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं इस कार्यक्रम के तारतम्य में बाल लैंगिक शोषण की रोकथाम के उपाय पर वक्तव्य डॉ बी एल राय के द्वारा दिया गया जिसमें महाविद्यालय के एवं एनएसएस के तमाम विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । इस कार्यशाला में एनएसएस के विजय मसराम , महिमा शर्मा , ओम प्रकाश परिहार ,शिवम सैनी वैष्णवी सागोरिया इत्यादि ने कार्यक्रम में सहभागिता की ।

# जानिए क्या है 'अस्पृश्यता का अंत, मौलिक अधिकार/Fundamental of Right.......

अस्पृश्यता मानव जीवन का एक कलंक माना जाता है आज भी लोगों के दिमाग से छुआछूत की भावना बनी हुई है भारतीय संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 तक नागरिकों समानता का अधिकार प्राप्त है समानता का अर्थ यही हैं कि किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं किया जाए चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, मूलवंश,लिंग आदि पर भेदभाव करना संविधान का उल्लंघन होता है,जानते हैं इसी संदर्भ में अनुच्छेद 17 क्या है?



**भारतीय संविधान अधिनियम,1955 के अनुच्छेद 17 की परिभाषा-?**

यह अनुच्छेद अस्पृश्यता( भेदभाव,छुआछुत) का अंत करता है एवं कोई भी व्यक्ति-व्यक्ति से छुआछूत नहीं कर सकेगा और अगर वह ऐसा करता है तो यह संवैधानिक अधिकार पर अतिक्रमण होगा।

**अनुच्छेद 17 पर विधि-?**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 एवं अनुच्छेद 35 के अधीन संसद ने सन् 1955 में अस्पृश्यता अपराध अधिनियम,1955 पारित किया था, इस अधिनियम में छुआछूत के अपराध के लिए दण्ड व्यवस्था करता एवं सजा का प्रावधान था। इसके बाद सन् 1967 द्वारा संशोधन करके अस्पृश्यता के पालन करने के लिए विहित दण्ड को और भी कठोर बना दिया गया एवं इस अधिनियम का नाम को बदलकर सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम,1955 कर दिया गया। इसके अधीन लोकसेवक का यह कर्तव्य होगा कि वह उक्त अपराधों की जाँच करें एवं समुचित कार्यवाही तुरंत करें अगर लोकसेवक अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता है एवं जानबूझकर कर्तव्य की उपेक्षा करता है तब उसे भी दण्ड दिया जाएगा।

**अस्पृश्यता का अर्थ-** भारतीय संविधान में अस्पृश्यता शब्द को कही परिभाषित नहीं किया है लेकिन न्यायालय द्वारा समय समय पर इसका अर्थ बताया गया है जैसे निम्न वर्गों के साथ छुआछूत करना, रोगी से भेदभाव करना, जातिप्रथा के अनुसार भेदभाव उत्पन्न करना, मृत्यु के कारण अस्पृश्यता करना आदि।

**नोट-** उच्चतम न्यायालय ने पीपुल्स यूनियन फार डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ में अभिनिर्धारित किया है कि अनुच्छेद 17 का मौलिक अधिकार राज्य के विरुद्ध उल्लंघन तो है ही यह प्राइवेट व्यक्तियों के विरूद्ध भी उल्लंघन माना जायेगा, अर्थात कोई व्यक्ति छुआछूत जैसा व्यवहार करता है तो उसके खिलाफ अनुच्छेद 32 के अंतर्गत डारेक्ट उच्चतम न्यायालय में याचिका लगाई जा सकती है क्योंकि यह मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

**लेखक एडवोकेट बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

## पुस्तकालयों में परिवेश के प्रति सजग बनाने वाली पुस्तकों का हो संकलन


# देश-समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देने वाले साहित्य का प्रसार हो: राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भावी पीढ़ी को देश और समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देने वाले साहित्य का प्रसार किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय गौरव, आजादी के संघर्ष, अमर वीर-वीरांगनाओं और पर्यावरण चेतना के प्रति सजग बनाने वाले साहित्य का पुस्तकालयों में संकलन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ ही साहित्य, कला और पर्यावरण आदि विभिन्न विषय पर पुस्तकों की उपलब्धता पुस्तकालयों में होनी चाहिए।



राज्यपाल श्री पटेल आज कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव 2022 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कलात्मकता की शक्ति अद्भुत होती है। दिल, दिमाग और आत्म-शक्ति के समन्वय से ही रचना का सृजन होता है। इसके लिए किसी साधन-संसाधन की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने डिण्डोरी जिले की यात्रा के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि वहाँ दोनों हाथों से वंचित बालिका पैरों से अद्भुत चित्र का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि कलात्मक प्रतिभा और शक्ति व्यक्तित्व को विशिष्ट स्वरूप देती है। सांस्कृतिक आयोजनों से पारंपरिक कलाओं को निरंतरता, मजबूती मिलती और नई पीढ़ी अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित होती है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भारत की भाषाई, भौगोलिक विविधताओं ने सृजन के उदार मिश्रण के रूप में बेहतरीन साहित्य का निर्माण किया है, जिसकी बानगी, अनूठी और अप्रतिम विविधता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय में मौखिक परम्पराओं में लोक कला, संस्कृति, जड़ी-बूटी, पारम्परिक उपचार और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के ज्ञान का अपार भण्डार सुरक्षित है। शिक्षण संस्थाओं, समाज के रचनाकारों और साहित्यकारों का भी दायित्व है कि वे आने वाली पीढ़ी को अपनी कला और संस्कृति की धरोहर से परिचित कराये। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्वरंग की पहल डिजिटल क्रांति के दौर में भी सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए साहित्य, शिक्षा, संस्कृति और भाषा के सृजनकारों के बीच वैश्विक विमर्श का शुभारम्भ करेगी। राज्यपाल श्री पटेल ने हिन्दी के डॉ. नंद किशोर आचार्य, गुजराती के श्री जयंत परमार, मराठी के श्री शरण कुमार लिम्बाले, मलयालम के श्री ए.अनविंदाक्षन, उड़िया की श्रीमती प्रतिभा राय, अंग्रेजी की श्रीमती सुकृता पॉल, संस्कृत के डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी को विश्वरंग अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया। राज्यपाल श्री पटेल को राजभवन की अधिकारी श्रीमती शिल्पी दिवाकर द्वारा उनकी रचना ÷प्रेम सेतु की गिलहरी की प्रथम प्रति भेंट की गयी।

# अनुसूचित जाति आयोग एम पी नगर भोपाल को संयुक्त आवेदन मेल कर अवगत कराकर जल्द से जल्द निलंबित करने माँग रखी



**युवा प्रदेश ❑ग्वालियर**

अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस पर प्रदेश की प्रसिद्ध संस्था M.I.T.S ग्वालियर के अनुसूचित जाति छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति से वंचित रखने वाले आरोपी अनुसूचित जाति जनजाति विभाग संयुक्त संचालक श्री सुधीर कुमार जैन एवं जनजाति कार्य विभाग जिला गवालियर के प्रभारी सहायक आयुक्त श्री एच.बी शर्मा को निलंबित करने के मांग पत्र को इंजी. राहुल अहिरवार फाइनल ईयर M.I.T.S ग्वालियर के नेतृत्व में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग , माननीय मुख्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल, मुख्य सचिव भोपाल, प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति विभाग भोपाल, आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल एवं आयुक्त अनुसूचित जाति जनजाति विभाग ग्वालियर एवं प्रदीप अहिरवार अनुसूचित जाति आयोग एम पी नगर भोपाल को संयुक्त आवेदन मेल कर अवगत कराकर जल्द से जल्द निलंबित करने माँग रखी।

# बिरसा मुंडा जयंती के कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया

❑ जबलपुर

जबलपुर विमानतल स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का बतौर मुख्य अतिथि पधारने के उपलक्ष में पुष्पगुच्छ देकर मध्यप्रदेश की धरती पर स्वागत करते हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री माननीय गोविंद सिंह राजपूत जी तत्पश्चात विमान स्थल पर ही मध्य प्रदेश के गवर्नर आदरणीय मंगूभाई छगनभाई पटेल जी और मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी का भी पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पर चर्चा की।





# दो दिवसीय रविदास सत्संग अरदास पाट का किया गया आयोजन





**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**करपगांव।** करेली जिला नरसिंहपुर। भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के तत्वधान में ग्राम करपगांव तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश में दिनांक तक दो दिवसीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास अमृतवाणी पाठ सत्संग आरती अरदास हुई एवं मनुवादी अंधविश्वासी कर्मकांडी रूढ़िवादी एवं हिंसा नशा से मुक्त होकर रविदासिया धर्म पर चलने की शपथ ली समस्त मूलनिवासी संत महापुरुषों की असीम कृपा से डेरा 108 संत सरवण दास जी सचखंड बल्ला जालंधर पंजाब थे गद्दी नशीन पूजनीय संत श्री 108 निरंजन दास जी एवं राष्टीय अध्यक्ष सुखदेव जी महाराज अखिल भारतीय रविदासिया धर्म के तीसरे धर्म स्थान कात्रज पुणे के महापुरुषों की असीम कृपा से मध्य प्रदेश धर्माचार्य श्री राम दयाल शास्त्री जी अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत तहसील पाटन जिला जबलपुर 99070 436 45 एवं



समस्त गुरु समान साध संगत उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में समाज को जगाने व गुरु देव जी की वाणी का लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिससे समाज में बदलाव और नशा मुक्ति का संदेश देकर युवा पीढ़ी को जाग्रत करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भोपाल राजधानी मे पुलिस की दबंगाई खुफिया विभाग के इंस्पेक्टर ने तलवार से पडोसी एडवोकेट सुदामा पर किया जान लेवा हमला

■ *पीपुल्स अस्पताल में चल रहा इलाज पुलिस महानिदेशक जी से दंमग रिपुदमन भदौरिया पर उचित जाँच करा कर कार्यवाही की मांग*

**भोपाल।** राजधानी के छोला के अंतर्गत सुदामा प्रसाद एडवोकेट चोराठिया पिता गोकुल प्रसाद चोराठिया मकान नं 1 सिद्धि विनायक सिटी ग्राम महोली शंकर मंदिर के सामने अयोध्या बायपास रोड निवासी को दिनांक 16/11/2022 को रात्रि 10:30 बजे पडोस मे रहने वाले खुफिया विभाग के इंस्पेक्टर रिपुदमन भदौरिया ने जान से मारने की नियत से तलवार से जान लेवा हमला कर दिया पीडित के द्वारा बताया गया है कि नंदन सिंह रावत ने पकड़ा ओर भदौरिया ने तलवार से हमला किया ! इस मामले की भनक मिलते ही मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक शिवप्रसाद अहिरवार ने पीडित परिवार से संपर्क किया तो उनके द्वारा बताया गया है कि खुफिया विभाग मे पदस्थ इंस्पेक्टर रिपुदमन सिंह भदोरिया पुलिस कर्मी ने मेरे उपर जातिगत भावना के कारण मुझ पर हमला किया गया है गंभीर हालत में पीडित का भोपाल पीपुल्स अस्पताल में इलाज चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने बताया है की गंभीर हालत में एडवोकेट सुदामा के बयान लेने के बावजूद भी अभी तक छोला थाना के द्वारा पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज नहीं किया कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक शिवप्रसाद अहिरबार ने आरोप लगाते हुए कहा है कि खुफिया विभाग के इंस्पेक्टर होने की वजह से पुलिस नहीं कर रहीं मामला दर्ज कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरुतम मिश्रा जी व श्री मान भोपाल पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय से मांग कीं है कि रिपुदमन भदौरिया पर उचित जाँच करा कर ( धारा 307) 25 arms act, sc/st act के तहत धारा 3 (1) 10) का प्रकरण दर्ज कि जाएँ सांथ ही पीडित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए ! यदि पीडित परिवार को न्याय नहीं मिला तो मजबूरन होकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के बेनर तले न्याय की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।



# अहिरवार समाज संघ मप्र के तत्वधान की जिला स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न

**रामेश्वर नरवरिया**

**रायसेन।** अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश, की बैठक मे समलित हुए जिसमें मुख्य अतिथि ङ्क परम् सम्माननीय चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी ( पूर्व टी आई एवं संस्थापक अससं मप्र ) राजेश अहिरवार जी ( प्रदेश अध्यक्ष अससं मप्र) श्रीमति संगीता गोलिया जी ( प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अससं मप्र) जीतेन्द्र मूलनिवासी ( जिला संयोजक भीम आर्मी रायसेन), अध्यक्षता भाव सिंह माण्डरे जी ( प्रदेश उपाध्यक्ष अससं मप्र) संचालन कर रहे- हेमंत चौधरी जी ( जिला अध्यक्ष अससं रायसेन) सहयोगी गोपीलाल माण्डरे जी ( प्रदेश संगठक अससं मप्र) और अन्य सभी वक्ताओं ने अपनी तमाम तारीके से बाबा साहब के जीबन पर प्रकाश डालते हुये सामाजिक विभिन्न मुद्दो पर बात रखते हुए आगामी 25 दिसम्बर 22 को भोपाल मे होने बाले प्रांतीय अधिवेशन की रणनीति तैयार करने एवं





अधिवेशन को सफल बनाने के लिए जमीन स्तर से लेकर प्रांतीय स्तर के लोगों ने अपने अपने स्तर पर तन मन धन से लेकर दिन रात समय निकाल कर अधिवेशन को सफल बनाने के लिए आश्वाशन दिया और सफल अधिवेशन का संकल्प लिया। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एस एस बम्होरिया जी, हरप्रसाद अहिरवार जी, उमराव अहिरवार जी,दयाराम परिहार जी, टी पी चौधरी जी, प्रो.देवेन्द्र अहिरवार जी,मुन्नालाल नोनेरिया जी,नारायण अहिरवार जी,हरिराम ठेकेदार जी,डी के बघेल जी, चैनसिंह सिसोदिया जी,सुरेश माण्डरे जी,लखनपाल माण्डरे जी,हल्केवीर अहिरवार जी,कीरत त्रिपालिया जी,दीपक दिवाकर जी,नीतेश अहिरवार जी,नर्मदा नरवरिया जी,पप्पू अहिरवार जी, गोटीराम बघेल जी,ऐसे अनेकों सौकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

## बिरसा आप महान् थे

बिरसा आप महान् थे
जनजातियों के शान थे
जल जंगल जमीन
हासिल करने हुए कुर्बान थे
मुंडा जनजातीय
झारखंड के रहवासी
हक के लिए किया
उलगुलान
अमर शहीद मुलनिवासी
15 नवंबर 1875 को
पिता सुगना के घर
जन्म लिया
बीस वर्ष की आयु में ही
क्रांतिकारी कार्य किया
जंगल के थे वे दावेदार
लड़ा था लेने सबका अधिकार
आधुनिक हथियारों के सामने
खड़ा था वह सीना तान
हाथ में थे उसके
सिर्फ तीर कमान
निभाया कर्त्तव्य अपना
था वह अदम्य साहसी
मुंडा जनजातीय
झारखंड के मूलनिवासी
जल जंगल जमीन से
जब किया उन्हे बेदखल
लगान ना देने के फैसले
पर किया अमल
जमींदारी प्रथा,
राजस्व व्यवस्था के
विरुद्ध जंग छेड़ा था
सुदखोरो महाजनो के
घमंड को तोडा था
,दिकु,कर्ज के बदले
जमीनों पर कब्जा
कर लेते थे
जंगल मूलनिवासियों की मां है
बिन मां के ,वे कैसे रह सकते थे
आदिवासी अस्मिता के
बिरसा थे अभिलाषी
झारखंड के मूलनिवासी
जनहित के कार्यों के कारण ही
बिरसा धरती के,,आबा
हो गये थे
अन्याय के खिलाफ
आंदोलन में खो गए थे
रोटी कपड़ा और मकान
यही तो है मानवीय पहचान
यह सब मिल जाता तो
,बिरसा, भगवान ना बनता?
घास काटती दर्राती
लकडी काटती कुल्हाड़ी
ईंट बनाते सांचे
बिरसा, तुम्हें कही से भी
आना होगा
आओ मेरे युवा पीढ़ी
बिरसा के,, उलगुलान,,को
आगे बढ़ाएं
सर पर बांध कफ़न
हम भी बिरसा,,बन जाएं
पर्व खुशियों की नहीं
हो हमारे मकसद में
हमे तो बस
करना होगा,, उलगुलान,,, उलगुलान



हरीश पांडल
विचार क्रांति

# शहिद भवन में नाटक देवी का मंचन भ्रष्टाचार को लेकर सरकारी सिस्टम एवं नेताओं पर कटाक्ष किया गया

**युवा प्रदेश ❑भोपाल**








शहिद भवन में रविवार 13 नवम्बर 2022 को आदम एक्टर क्रिएशन द्वारा नाटक -' देवी ' का मंचन नाटक अम्बर अली द्वारा लिखित आदम के निर्देशन में किया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया है कि देश की सबसे बड़ी समस्या में से एक भ्रष्टाचार को लेकर सरकारी सिस्टम एवं नेताओं पर कटाक्ष किया गया । इसमे बताया कि भ्रष्टाचार समाज में दीमक की तरह काम करता है । इसके चलते समाज धीरे- धीरे ही सही,लेकिन अंदर से खोखला होता जाता है। अत्याचार को नाटक के माध्यम से दिखाया गया । नाटक में दिखाया गया है । कि सरकारी दफ्तरों में पियून से लेकर बड़े- बड़े नेताओं तक फैल चुके इस जाल में आम व्यक्ति ही पिसता है । नाटक में बताया गया है कि एक व्यक्ति को कैसे सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार से रोजाना जूझना पड़ता है ।इन्ही में से एक ईमानदार व्यक्ति जो भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी सिस्टम से परेशान हो जाता हैं और फिर खुद भी भ्रष्टाचार की राह पर एक समय बाद बड़ा नेता बन जाता हैं । तमाम अनैतिक तरीकों से यह नेता पैसे कमाता है । लेकिन जब पिए किसी बात को लेकर उसे अनैतिकता का पाठ पढ़ाता है। तो एक बार फिर वह मानवता के मार्ग पर चल भ्रष्टाचार सहित सभी आपराधिक कृत्यों को छोड़ देता है। नाटक में महिलाओं के अत्याचार को भी दिखाया गया है। इस नाटक में नेता का अभिनय किया है रवींद्र मोरे ने ,पी.ए.रंजीत पंथी, फौजी. फरहान बेग, देवी. उषा यादव, बीटा-आदम, फ़क़ीर-मोहित, टी.सी.-रविकांत वासनिक, शायर-अम्बर अली इत्यादि।

**पार्टी से जुड़कर राष्ट्रहित मे कार्य करने का लिया संकल्प**

# भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने अयाज़ खान

**संवादता कमल वाग्द्रे**

**बैतूल।** जिले के मुल्ताई निवासी आयाज खान भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अयाज़ खान अपने पिता के नकखे कदम पर चलते रहे है पिता सामाजिक जन कल्याण के लिए हमेशा कार्य करते रहे है7उन्ही से प्रभावित होकर आयज खान ने समाज सेवक से राजनीति का सफर तय किया। देश प्रदेश में फैले अन्याय, अत्याचार,भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे है 7 एक मध्यम परिवार के होने के बाद भी अपने संघर्ष को जारी रखा है आयज खान जी की रुची हमेशा जनादेश के लिए कुछ कर दिखाने की रही यही है 7 आयज खान पी.र बचले जी के साथ एक संवदाता के रूप मे एक अखबार में काम शुरु किया था। लगभग 2 वर्षो तक काम करने के बाद, बच्चले जी के सहयोग से अपना अख़बार हमारी सचाई नामक अख़बार शुरू कर इसके मध्य से जनता की सेवा की है। एक राष्टीय पार्टी ने अल्पसंखयक विभाग का जिला अध्यक्ष बनाया लगभग 3 वर्षों तक काम किया मगर विचारधारा ना मिलने के कारण पार्टी छोड़ दी। पार्टी छोड़ने के बाद भी जनता की सेवा व्यक्तिगत रूप से जारी रखी कुछ वर्ष के बाद 24,10,2022 को राष्टीय अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा जी के द्वारा आयज की मेहनत और लगन को देखते हुए मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के लिए नियुक्त किया गया।






आयज जी का प्रयाश हमेशा अन्याय,अत्याचार,भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़कर किसानो,महिलाओ, बेरोजगारों, मजदूरों,और सभी वर्गो के लिए न्याय दिलाना है7इन्ही अव्यवस्था को देख कर अयाज़ खान पार्टी से जुड़कर राष्टहित मे कार्य करने का लिया संकल्प आगामी चुनाओ में एक अच्छी सरकार का मध्यप्रदेश में गठन कर मध्यप्रदेश को जाती,धर्म जेसी मानसिकता से ऊपर उठाकर प्रदेश को सच्चे विकाश पर ले जाना है। प्रदेश की जनता को आज जहां ज्यादा से ज्यादा शिक्षा, रोजगार, मेडिकल,उद्योग की जरुत है। वही वर्तमान सरकार जनता से किए हुये वादों पर खरी नहीं उतार पाई है। प्रदेश मे अब सत्ता परिवर्तन का समय आ गया है। जनता जागरूक है अपने हक अधिकारों के प्रति सचेत है प्रदेश की जनता अपने बहु मूल्य मत का प्रयोग करना जानती है। आयज खान ने हमारे संवादता कमल वाग्द्रे से बात करते हुये बताया की भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी आने वाले समय मे प्रदेश भर मे अपने उमीदवार तैयार कर रही है इस विधानसभा चुनाओ मे भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी मध्यप्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका में नज़र आयेगी जन समूह का पार्टी को सहयोग मिल रहा है निचित ही हम प्रदेश मे मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगे।

## भगवान बिरसा मुंडा की 147 जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर परिसंघ पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**जबलपुर।** 15 नवंबर 2022 को भगवान बिरसा मुंडा की 147 वी जयंती पर अधारताल चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के चरणों पर पुष्पांजलि अर्पित की । आज के कार्यक्रम में परिसंघ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया, परिसंघ जबलपुर जिलाध्यक्ष अध्यक्ष राजेंद्र कुमार कापसे, महासचिव मुक्तेश्वर राव उके, किशोरी लाल बढ़ेल, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश पारस, प्रमोद मरावी, गया प्रसाद धुर्वे,विजय सोनी , नोखेलाल बरकड़े, एडवोकेट संजय बौद्ध, अंजना इनवाती, दिशा इनवाती, मुन्ना ठाकुर , नोखेलाल बरकड़े, आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुये।

# जार का पत्रकार सम्मान समारोहः मुख्य अतिथि विधायक दिलावर बोले समाज का मुख्य दर्पण है पत्रकारिता





**राम लाल रेगर, राजस्थान**

रामगंजमंडी में मंगलवार को जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (जार) का दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं पत्रकार सम्मान समारोह महाराजा अग्रसेन अतिथि गृह मे आयोजित हुआ। समारोह में क्षेत्रीय विधायक मदन दिलावर मुख्य अतिथि,राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य रिछपाल पारीक,जिला अध्यक्ष दिनेश गौत्तम विशिष्ठ अतिथि रहे। वही समारोह की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष देवीलाल सैनी ने की। जिसके बाद अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसके बाद अतिथियों द्वारा उद्बोधन देकर पत्रकारो को प्रशस्ति पत्र और प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही पत्रकार रवि मेहरा को ज़ार की सदस्याता भी ग्रहण करवाई गई। अध्यक्ष मोडू राठौर ने बताया की ज़ार उप इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जय शर्मा,जिला नविन नवीन पुरोहित और उपाध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने अतिथियों को माला पहनाकर सम्मान पूर्वक प्रतिक चिन्ह सौंप स्वागत किया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक दिलावर ने अपने उद्बोधन मे कहा की पत्रकार होना गर्व की बात है। और पत्रकार होने के साथ ङ्क साथ जार मे जुड़ कर कार्य करना सौभाग्य की बात है। पत्रकारिता समाज का मुख्य दर्पण है। पत्रकार की सक्रियता समाज की अपेक्षाओ को बढ़ाने वाली होती है। जो गरीब,वंचितो के लिए आवाज बुलंद करते है। समाज की जन समस्याओ को सरकार तक पहुँचाने का उत्कृष्ट माध्यम पत्रकारिता है। वही उन्होंने कहा पत्रकारिता सेवा कार्य है। जो निष्पक्षता के आधार पर जिवंत रहता है। वही जार जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम ने कहा की रामगंजमंडी इकाई मे 2 साल बाद इतने बड़े स्तर का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ज़ार के जिला उपाध्यक्ष जय शर्मा और जिला सचिव नवीन पुरोहित और अन्य साथियों से ये सम्भव हुआ है। विशिष्ट अतिथि रिछपाल पारिक ने अपने 33 सालो के जार के अनुभव को सभी के बीच साँझा किया। और पत्रकारो को नई कार्यशेली से कार्य करने की प्रेरणा दी। समारोह का शिक्षक नरेश शर्मा ने संचालन किया। वही समारोह मे सामाजिक कार्यो के लिए युवा शक्ति संस्था के संरक्षक विशाल श्रृंगी और चेतन शर्मा को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता उपप्रधान सुनील गौतम,शिवलाल प्रजापति,विरु राठौर,हिमांशु आचार्य मौजूद रहे।

**यह पत्रकार रहे मौजूद**

पत्रकार सम्मान समारोह मे रवि मेहरा को जार की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। वही पत्रकार सचिन वैषणव, सोनू मालवीय,सोनू अहीर,तोहिब खान,आशुतोष,पप्पू,विजय राठौर झालावाड़,महेश कुमार झालावाड़, रामलाल रैगर झालावाड़,महेश मीणा,कन्हैयालाल,बाबूलाल,महेंद्र, रवि वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय परिसंघ नई दिल्ली के मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष बने श्री ए.आर. सिंह जी बधाईयों का तांता।

मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839

भोपाल। देश का सबसे बड़ा संगठन जो कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों का हिमायती और भारतीय संविधान की लड़ाई लड़ रहा है। तथा गरीब वंचितों के संवैधानिक हक अधिकारों के लिए संघर्ष करने सहित कई समस्याओं के मुद्दे पर आन्दोलन चलाने वाला अखिल भारतीय अनुसूचित जाति और जनजाति संगठनों के परिसंघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय डॉ. उदित राज जी पूर्व सांसद ने मध्यप्रदेश का परिसंघ प्रदेश अध्यक्ष श्री ए. आर. सिंह जी की सामाजिक सोच व निष्ठा सहित सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें मध्यप्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री ए. आर. सिंह जी वर्तमान में मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर है। जो कि शासकीय सेवा में रहते हुए सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते है। गरीब और कमजोर वर्गों के मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है। कभी भी आला अधिकारी के रूप में न मिल एक साधारण सा मधुर सम्बंध रखने वाले व्यक्ति के रूप में सभी लोगों और जनमानस के चहेते है। इनकी ऐसी ढेर सारी खूबियों को दृष्टिगत रखते हुए यह परिसंघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए है। मध्यप्रदेश के अनेकों सामाजिक नागरिकों और बुद्धिजीवियों में उनके अध्यक्ष बनाए जाने पर बहुत प्रसंशा व बधाईयाँ दी जा रही है। मध्यप्रदेश के श्री







जयन्तीलाल जाटव एडवोकेट, श्री श्री नरेंद्र चौधरी, श्री अजय झारिया, श्री राजेन्द्र कापसे, ओ. पी. अहिरवार, श्री मूलचन्द मेधोनिया, बलवान सिंह कुशवाहा, एस. एस. सूरवंशी, इत्यादि सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सामाजिक लोगों ने श्री ए. आर. सिंह जी को परिसंघ अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। तथा खुशी जाहिर की है कि उनके द्वारा परिसंघ मजबूत से प्रदेश में काम करते अन्याय अत्याचार की घटनाएं जो आये दिन मध्यप्रदेश में घटित हो रही है उनकी भी एक सशक्त माध्यम से आवाज उठाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों की आवाज़ बुलंद करने में मदद मिलेगी। परिसंघ एक राष्ट्रीय संगठन जो कि अनुसूचित जाति व जनजातियों के हक व अधिकारों की हकों की लड़ाई हेतु समर्पित है मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति के लोगों ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री ए. आर. सिंह जी से अपेक्षा की है कि वह स्वतंत्रता आंदोलन से मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम जी अहिरवार जी जिन्हें आज तक देश की आजादी में कुर्बानी देने देने के पश्चात एवं चीचली जिला नरसिंहपुर में सन 1942 में अंग्रेजी सेना से युद्ध लड़ा और उन्हें परास्त कर गांव से खदेड़ने वाले अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने की आवाज़ उठाते हुए उनके नाम पर स्मारक, भवन निर्माण इसके साथ ही परिजन उत्तराधिकारी को भी परिसंघ के माध्यम से सरकार द्वारा सम्मानित कराने की मुहिम अवश्य चलायेंगें। ताकि वर्षों पूर्व से अनुसूचित जाति की मांग का निराकृत है। सभी प्रदेश के तमाम सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों ने श्री ए. आर. जी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी जा रही है।

## घड़ी

### बाल कविता



आशीष चौहान
बाड़ी रायसेन

टिक-टिक करती मैं घड़ी।
मुझमें रहती तीन छड़ी।।
बड़ी चले सेकंड की ओर।
मंझली का मिनटों पर
जोर।।
छोटी वाली घंटों पर।
जोर-जोर से करती शोर।।

## फैमिली ट्री

### बाल गीत

आओ पेड़ लगाएं,घर उसमें बनाएं।।
रहें जड़ों में दादी-दादा और तने में
मम्मी-पापा।
हम सब फल बन जाएं, खुशियां खूब
लुटाएं।
आओ पेड़ लगाएं, घर उसमें बनाएं।।
बड़े भाई हों पत्तों पर सब, रहें बहन फूलों
में कोमल।
हो चाचा,ताऊ,बुआएं सब उसकी शाखाएं।
आओ पेड़ लगाएं घर उसमें बनाएं।।

## डॉ. पटेल द्वारा किया शोध-पत्र का वाचन।




**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम भारत में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में डा महेंद्र कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक (विधि) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना ने अपना शोध-पत्र विधि द्वारा सामाजिक परिवर्तन पर प्रस्तुत किया,इस शोध पत्र में डा पटेल ने सैद्धांतिक पद्धति अपनाकर, न्यायिक निर्णयों एवं विधि शास्त्रियों के ग्रन्थों को आधार बनाकर निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया कि परिवर्तन संसार का नियम है और यह एक सुखद एवं अनूठी पहल होगी यदि ऐसा परिवर्तन कानून द्वारा होता है। अंत में डा पटेल ने निष्कर्षित किया की विधि द्वारा सामाजिक परिवर्तन एवं समाज द्वारा विधि में परिवर्तन एक दूसरे के पूरक हैं।

## पंकज पाण्डेय जी बने खेल एवम खिलाड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव



**भोपाल।** दिनाँक 09/11/2022 को आदरणीय विधायक श्री फुन्देलाल मार्को जी, की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री कमल नाथ जी के निर्देश एवं समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी आदरणीय श्री जे.पी. घनोपिया जी के सहमति पर मध्यप्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आदरणीय श्री मतीन खान जी द्वारा अनूपपुर से माननीय श्री पकंज कुमार पांडेय जी को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के सचिव पद पर नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं, इस अवसर पंकज पाण्डेय ने कहा कि पार्टी वरिष्ठो ने मुझे जो दायित्व सौपा एवं विश्वास किया, उसका पूर्ण जिम्मेदारी एवं मेहनत से पालन करूगा तथा खेल को नई ऊचाईयो पर ले जाने हेतु प्रयास करुगा।

## नारायण गुरु मंदिर में मकर वर्णक महोत्सव का शुभारंभ



मूलचन्द मेधोनियाभोपाल मोबाइल 8878054839

**भोपाल।** श्री नारायण मिशन भोपाल नारायण गुरु मंदिर गोविंदपुरा में आज मंडला पूजा मनाया गया। मंडला पूजा भगवान अय्यप्पा के अनुष्ठान है जो महान संत समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के आध्यात्मिक और धार्मिक एकीकरण के माध्यम से विश्व भाईचारे एवं विश्व शांति के दर्शन को चिन्हित करता है। यह पूजा और भजन-कीर्तन 41 दिनों तक चलेगा जो 17 नवंबर से 27 दिसंबर तक चलेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। मिशन के अध्यक्ष एम एन सदानंदन ने सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया और प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं और पुरुषों की काफी संख्या रही। जिसमें दीप पर्व बड़ी धूमधाम से मनाते हुए शाम को महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

## माध्यमिक शाला के बच्चों ने रीड अलोंग एप के साथ मनाया बाल दिवस वाचन उत्सव



❑ राजगढ़

जिले में 14 नवम्बर को प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में बाल दिवस का आयोजन अभिनव तरीके से किया गया। बाल दिवस के अवसर पर जिले में रीड अलोंग बाय गूगल एप के माध्यम से बाल दिवस वाचन उत्सव के साथ मनाया गया। ज़िला परियोजना समन्वयक इंदोलिया द्वारा समस्त जन शिक्षकों को इस बाल दिवस वाचन उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने हेतु निर्देश प्रसारित किये गए थे। ज़िला नीति आयोग ने चिन्हांकित आकांज़िलों में सम्मिलित है तथा जिला प्रशासन द्वारा शासकीय शालाओं में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं। निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु ज़िले में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फॉउंडेशन कार्यरत है तथा पीरामल एवं गूगल के संयुक्त तत्वाधान में बुनियादी शिक्षा अभियान के अंतर्गत रीड अलोंग बाय गूगल एप को विकसित किया गया है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित द्वारा एप से पठन को बढ़ावा देने की इस पहल को मार्गदर्शित किया गया था। इस एप के माध्यम से 5 से 11 आयु वर्ग के बच्चों में रोचक तरीके से पठन कार्य किया जा रहा है। ज़िले की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा निम्नांकित गतिविधियां की गई। शाला की शुरुआत में प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों द्वारा इस एप के माध्यम से रोचक कहानियों का वाचन किया गया। इस मौके पर बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। प्रार्थना सभा के पश्चात कक्षाओं में छात्र-छात्राओं द्वारा कहानियों के वाचन के अतिरिक्त एप में समाहित विविध रोचक गतिविधियां जैसे गुब्बारा फोड़ों, उल्टा-पुल्टा के माध्यम से खेल-खेल में पठन सम्बन्धी कौशल प्रदर्शित किये।

## छात्राएं बोलीं- डायल 100 पर फोन नहीं उठाती पुलिस, टीआई बोले- मेरा नंबर लो, मैसेज कर देना, तत्काल रिस्पांस मिलेगा

❑ इंदौर

हम लोग जब भी पुलिस के एप के मार्फत शिकायत करते हैं या डायल 100 पर कॉल करते हैं तो कोई रिस्पांस नहीं मिलता है। कई बार तो कोई कॉल ही नहीं उठाता है। कोई उठाता है तो इस तरह सवाल करता है कि हमारा विश्वास इन सेफ्टी फीचर से उठ जाता है। इस पर टीआई बोले कि आप मेरा नंबर नोट कर लो। जब भी कोई समस्या हो तो मैसेज कर देना, तत्काल रिस्पांस मिलेगा। यह वाकया भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित एक कोचिंग क्लास का है। यहां की क्लास में मौजूद 300 छात्र-छात्राओं के बीच भंवरकुआं टीआई शशिकांत चौरसिया टीम सहित पहुंचे। उन्होंने छात्राओं को पुलिस के मानवीय पहलू समझाए। तभी कुछ छात्राओं ने कहा कि वैसे तो पुलिस के सभी काम अच्छे हैं, लेकिन ज्यादातर बार रिस्पांस ही नहीं मिलता है। इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास कम हो जाता है। पुलिस अपनी टाइमिंग और रिस्पांसिबिलिटी संभाल ले तो बेहतर होगा। इस पर टीआई ने कहा कि हो सकता है उस वक्त एप वाले या डायल 100 टीम ज्यादा बिजी हो, आपको दिक्कत आए तो मेरा मोबाइल नंबर (7049108640) नोट कर लें। जब भी जरूरत पड़े, सीधे कॉल करें।

## खाईखेड़ा सोसायटी पहुंचे ट्रक को किसानों ने घेरा, आधे घंटे में बंट गया 31 टन यूरिया

**सीहोर।** एक तरफ प्रशासन यूरिया के भरपूर स्टॉक की बात कर रहा है और वहीं सोसायटियों पर यूरिया नहीं है। इसका सबूत रोज लग रही किसानों की लाइनें और उनका मायूस होकर लौटना है। श्यामपुर क्षेत्र में सोसायटियों पर एक नवंबर से यूरिया नहीं पहुंचा। ऐसे में सोमवार को तीन सोसायटियों पर एक-एक ट्रक यूरिया भेजा तो सुबह 10 बजे खाईखेड़ा सोसायटी पर पहले से इंतजार में खड़े किसानों ने ट्रक को ही घेर लिया। कहीं ग्रामीण यूरिया लूट न लें, इस डर से सोसायटी प्रबंधक ने पुलिस को सूचना दी। आखिरकार पुलिस मौके पर पहुंची और फिर ट्रक से सीधे किसानों को खाद बांटी पर यह ऊंट के मुंह में जीरा समान साबित हुई क्योंकि आधे घंटे में ही 31 टन यूरिया से भरा पूरा ट्रक खाली हो गया और सैकड़ों किसान खाली हाथ रह गए। जिले से 76500 टन यूरिया की डिमांड भेजी थी, अब तक 22041 यूरिया बंटा है। 3120 टन यूरिया है।

## दुष्कर्मियों को चौराहे पर दें फांसी, इनका कोई मानवाधिकार नहीं : मंत्री उषा ठाकुर

**महू।** शिवराज की तेजतर्रार मंत्री उषा ठाकुर ने दोहराया कि दुष्कर्मियों को चौराहे पर फांसी दी जानी चाहिए। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ते हुए ये भी कहा, कि ऐसे नर-पिशाचों का क्या मानवाधिकार, भाड़ में जाए मानवाधिकार आयोग। अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहने वाली प्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने एक बार फिर दुष्कर्मियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि दुष्कर्मियों को बीच चौराहे पर फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए।


जिला प्रशासन-जिला पंचायत छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
(म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)

DDU-GKY Deen Dayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana Empowering India • Powering the World

विकास खण्ड स्तरीय
रोजगार मेला

| क्र. | दिनांक | समय | विकास खण्ड का नाम/स्थान | विकास खण्ड प्रबंधक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 20.11.2022 | 11 से 4 तक | ग्राम पंचायत कन्हरगाँव, वि.ख. परासिया | श्री प्रकाश महोबेकर |
| 2. | 21.11.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत हर्रई | श्री श्यामसिंग उईके |
| 3. | 22.11.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत अमरवाड़ा (बारातघर) | श्री संतोष मांझी |
| 4. | 23.11.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत बिछुआ | श्री सुनील मिश्रा |
| 5. | 24.11.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत जामई | श्री मनोज कुमार पटेल |
| 6. | 25.11.2022 | 11 से 4 तक | ग्राम पंचायत अम्बाड़ा, कृषि मंडी, वि.ख. पाण्ढुर्णा | श्री दिलीप परते |
| 7. | 26.11.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा | श्री कमलेश सूर्यवंशी |
| 8. | 05.12.2022 | 11 से 4 तक | ग्राम पंचायत इकलबिहरी, वि.ख. मोहखेड़ | श्री राजीव चौधरी |
| 9. | 06.12.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत सौंसर | श्री ईश्वरप्रसाद यादव |
| 10 | 07.12.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत तामिया | श्री देवेन्द्र बर्डे |
| 11 | 08.12.2022 | 11 से 4 तक | जनपद पंचायत चौरई | सुश्री अनिमा मिन्ज |

**शैक्षणिक योग्यता :-** न्यूनतम कक्षा 5 वी से 12 वी, ग्रेजुएशन आई.टी.आई. (उम्र - 18 से 35 वर्ष)

**कंपनी के नियमानुसार सुविधाऐं :-** पेंशन, ग्रेचुईटी, बोनस इन्श्योरेंस, ई.पी.एफ.आदि

**आवश्यक दस्तावेज** मार्कशीट, आधार कार्ड पासपोर्ट फोटो

**वेतन :-** योग्यता अनुसार

**रोजगार मेले में प्रतिभागी करने वाली कंपनियाँ -**

1. वर्धमान यानर्स, ए1-न्यू इण्डस्ट्रीयल एरिया, सतलापुर, मण्डीदीप, रायसेन (म.प्र.)
2. ग्लोबल मेनपॉवर एण्ड प्लेसमेंट सर्विसेस, पीथमपुर (इन्दौर), गुजरात
3. प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन भोपाल (म.प्र.)
4. डी.के. एसोसिएट, नागपुर (महाराष्ट्र)
5. जेड सिक्युरिटी मल्टीपर्पस सर्विस नागपुर (महाराष्ट्र)
6. शिव शक्ति बायो प्राय.लिमिटेड जबलपुर (म.प्र.)
7. भारतीय जीवन बीमा निगम, छिन्दवाड़ा, अमरवाड़ा
8. भारतीय जीवन बीमा निगम, परासिया, जामई, तामिया
9. सतीजा मोटर्स, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
10. श्री कृष्णा मोटर्स, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
11. वोल्टास प्रा.लि./जेसेवी प्रशिक्षण एवं नियोजन छिन्दवाड़ा
12. लर्नेट इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डव्लपमेंट, छिन्दवाड़ा
13. उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, छिन्दवाड़ा, परासिया, सौंसर, अमरवाड़ा

KAUSHAL PANJEE SKILL REGISTER
गूगल प्ले स्टोर से KAUSHAL PANJEE एप डाउनलोड कर KAUSHAL PANJEE एप में स्वयं पंजीयन करें तथा रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त करें।

आयोजक - म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत - छिन्दवाड़ा


Vikas Printers, Chhindwara

## संपादकीय

# बाल दिवस मनाना तभी सार्थक होगा, जब गरीब बच्चे मजदूरी नहीं बल्कि शिक्षा ग्रहण करेंगे



नौनिहालों के प्रति चाचा नेहरू का प्रेम जगजाहिर रहा। इसी नाते उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप मनाया जाना आरंभ हुआ। अब ये सामान्य दिवस नहीं, बल्कि राष्ट्रीय त्यौहार के तौर पर हम मनाते हैं। इस जश्न के साथ ही बाल अधिकारों की बदनुमा तस्वीरें भी सामने आती हैं जो साल दर साल विकराल रूप ले रही है। सामान्य अपराधों के मुकाबले, बाल अपराध कई गुणा बढ़े हैं। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट में बीते कुछ सालों से बच्चों से असंख्य अपराध चिंतित करते हैं। इसमें सरकारों को दोष दें, या खुद की लापरवाही? कोई तय नहीं कर पा रहा। आज बेशक बाल दिवस है, घरों से बाहर निकलें तो आपको आज भी हजारों-लाखों की संख्या में नौनिहाल ढाबों-दुकानों व कारखानों में बर्तन मांजते दिखेंगे, चौराहे पर गुब्बारे आदि बेचते मिलेंगे और रेड लाइट पर भीख मांगते भी आपको दिखाई देंगे। इन बच्चों को ये भी नहीं पता कि आज बाल दिवस है और उसके मायने क्या हैं। दरअसल, ये तस्वीरे बताती हैं कि बाल अधिकारों की किस कदर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आर्टिकल 21 में बच्चों के अधिकारों का संपूर्ण जिक्र है। जागरूकता की कमी कह लो, या फिर कुछ और लोग ध्यान नहीं देते। अगर हम बच्चों के अधिकारों का इस्तेमाल करें, तो किसी की कोई मजाल नहीं कि उनके बचपन को रौंद पाए, सुध ही लेने वाला कोई नहीं है। जुबानी और कागजी कार्रवाई की कमी नहीं है। आजादी से लेकर आज तक सर्व शिक्षा अभियान जैसे जरूरी अधिकारों का इनके साथ घोर मजाक होता आया है। करोड़ों बच्चे आज भी निरक्षर हैं, शिक्षा से दूर हैं। सर्व समानता शिक्षा से ही बाल दिवस के मायने समझे जाएंगे। समाज के उच्च वर्ग ने गरीब बच्चों को शिक्षा से एक तौर पर बहिष्कृत ही कर दिया है। ऐसे में शोषित बच्चों के लिए बाल दिवस महज मजाक माना जाए। बच्चों की खैरियत हुकूमतों से ज्यादा सामाजिक स्तर पर की जा सकती है। लेकिन भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई ध्यान नहीं दे पाता। जबकि, ध्यान देनी की अति आवश्यकता है। हम अपने प्रयासों से अगर एकाध बच्चों का जीवन भी सुधार पाएं, तो हमारे जीवन के मायने पूरे होंगे। इसकी शुरुआत अपने आसपास से कर सकते हैं। गरीब बच्चों को पड़ोस की आंगनबाड़ी तक तो पहुंचा ही सकते हैं। जहां, फ्री शिक्षा और खाना मुहैया होता है। बाल अधिकारों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हालिया रिपोर्ट्स तो और भी डरावनी है। इससे पता चलता है कि देश में हर वर्ष हजारों की तादाद में बच्चे गायब हो रहे हैं।

# आत्मनिर्भर बनने के अभियान की गति को थोड़ा और बढ़ा लें तो हम चीन को जल्द दे सकते हैं मात

*कोरोना महामारी के बाद भारत में चूंकि आर्थिक विकास बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है अतः कई वस्तुओं का आयात चीन से बहुत भारी मात्रा में किया जा रहा है। परंतु चीन अभी भी कोरोना महामारी से जूझ रहा है और चीन के कुछ प्रांतों में अभी भी लॉकडाउन लगाया जा रहा है अतः चीन में आर्थिक गतिविधियों में कमी आई है जिसके चलते भारत से चीन को निर्यात कम होता जा रहा है। कुछ समय पूर्व की गई एक रिसर्च के अनुसार, भारत चीन से कुल 6,367 उत्पादों का आयात कर रहा था। जिनका मूल्य 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर (कुल आयात का 15.3 प्रतिशत भाग) था। कई मदों में तो भारत कुल आयात का एक बड़ा भाग चीन से आयात कर रहा था।*

भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में वस्तुओं के आयात के मामले में एक बार पुनः भारत की निर्भरता चीन पर बढ़ी है। हालांकि पिछले 3 साल के दौरान भारत के चीन से आयात लगातार कम हो रहे थे परंतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में चीन एवं भारत के बीच 11,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 8,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में कहीं अधिक है। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़े यह अच्छी बात हो सकती है परंतु चिंता का विषय यह है कि चीन से भारत में आयात बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत से चीन को निर्यात उस गति से नहीं बढ़ पा रहे है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत में चीन से आयात 9,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 6,530 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम दो माह में भी स्थिति संभलने के स्थान और अधिक बिगड़ी ही है, अर्थात इस दौरान चीन को भारत से निर्यात 31 प्रतिशत से घटा है और भारत में चीन से आयात 12.75 प्रतिशत बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के कुल व्यापारिक आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर 16.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

कोरोना महामारी के बाद भारत में चूंकि आर्थिक विकास बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है अतः कई वस्तुओं का आयात चीन से बहुत भारी मात्रा में किया जा रहा है। परंतु चीन अभी भी कोरोना महामारी से जूझ रहा है और चीन के कुछ प्रांतों में अभी भी लॉकडाउन लगाया जा रहा है अतः चीन में आर्थिक गतिविधियों में कमी आई है जिसके चलते भारत से चीन को निर्यात कम होता जा रहा है। कुछ समय पूर्व की गई एक रिसर्च के अनुसार, भारत चीन से कुल 6,367 उत्पादों का आयात कर रहा था। जिनका मूल्य 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर (कुल आयात का 15.3 प्रतिशत भाग) था। कई मदों में तो भारत कुल आयात का एक बड़ा भाग चीन से




आयात कर रहा था। 893 उत्पादों का तो 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत भाग (759 करोड़ अमेरिकी डॉलर) चीन से आयात किया जा रहा था। इसी प्रकार 364 उत्पादों का 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत भाग (549 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 386 उत्पादों का 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत भाग (909 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 428 उत्पादों का 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत भाग (656 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 476 उत्पादों का 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत भाग (972 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 461 उत्पादों का 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत भाग (914 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 550 उत्पादों का 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत भाग (890 करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं 706 उत्पादों का 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत भाग (524 करोड़ अमेरिकी डॉलर) चीन से आयात किया जा रहा था। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट रूप से झलकता है कि इन उत्पादों के आयात के मामले में भारत की चीन पर जरूरत से अधिक निर्भरता हो गई है।उक्त परिस्थितियां निर्मित करने में दरअसल देश की जनता ही अधिक जवाबदार है, क्योंकि देश के नागरिक विदेशी उत्पादों के पीछे दीवानगी की हद्द तक भागते हैं। और फिर, चीन के निम्न स्तरीय उत्पाद तो बहुत सस्ते दामों पर ही उपलब्ध हो जाते हैं। देश के व्यापारी बंधुओं ने भी इन उत्पादों का चीन से भारी मात्रा में आयात कर देश की जनता को उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका अदा की। इससे इन उत्पादों का भारत में निर्माण बंद हो गया। जिसके परिणामस्वरूप देश में रोजगार के कई अवसर नष्ट हो गए एवं कई कुटीर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग बंद हो गए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं स्वदेशी जागरण मंच भी शामिल है ने चीन में निर्मित वस्तुओं के स्थान पर भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग करने की मुहिम चलाई थी, जिसका अच्छा परिणाम भी दिखाई देने लगा था और इसके चलते वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से चीन से आयात लगातार कम हो रहे थे। जिसके परिणाम स्वरूप भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था वह वित्तीय वर्ष 2018-19 में घटकर 5,356 करोड़ अमेरिकी डॉलर का, वित्तीय वर्ष 2019-20 में घटकर 4,866 करोड़ अमेरिकी डॉलर का और वित्तीय वर्ष 2020-21 में और भी घटकर 4,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया था। परंतु, वित्तीय वर्ष 2021-22 में पुनः बढ़कर 7,290 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। अब यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि भारत द्वारा चीन से आयात बढ़ने से चीन की आर्थिक सुदृढ़ता मजबूत हो रही है और वह भारत के बॉर्डर पर भारत को ही आंख दिखा रहा है। अतः भारत को इस सम्बंध में अब पुनः विचार करने की आवश्यकता है कि किस प्रकार चीन से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भारत में ही बढ़ाया जाय एवं चीन से इन वस्तुओं के आयात कम किए जा सकें। भारत में निर्यात प्रतिस्पर्धी उद्योग स्थापित किए जाने की आज महती आवश्यकता है। हालांकि हाल ही के समय में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना इस सम्बंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। कुल मिलाकर इस सम्बंध में अब देश में गम्भीर प्रयास किए जाने की महती आवश्यकता है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को लागू कर चीन से आयात को यदि 50 प्रतिशत से कम किया जा सके तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि की जा सकती है। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि भारतीय नागरिक भी अपनी सोच में गुणात्मक परिवर्तन लाएं एवं चीन के निम्न गुणवत्ता वाले सामान को केवल इसलिए नहीं खरीदें क्योंकि यह सस्ता है। इस प्रकार की सोच में आमूलचूल परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। भारत में निर्मित सामान, चाहे वह थोड़ा महंगा ही क्यों न हो, को ही उपयोग में लाया जाना चाहिए। ताकि भारत की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ाया जा सके एवं रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भारत में ही उत्पन्न होने लगें। साथ ही, अब यदि भारत को आत्म निर्भर बनाने की स्थिति में लाना है तो हमें अपने मौलिक चिंतन में भी परिवर्तन करना होगा। आज यदि हम वैश्विक बाजारीकरण की मान्यताओं पर विश्वास करते हैं तो इस पर देश को पुनर्विचार करने की सख्त जरूरत है। चीन सहित अन्य देशों से हमें शुरुआती दौर में कम से कम उन वस्तुओं के आयात को बलपूर्वक रोकना चाहिए जिनका निर्माण हम भारत में ही आसानी से कर सकते हैं। इस बात पर भी अब चिंतन की आवश्यकता है कि चीन से हम किस हद्द तक के रिश्ते कायम रखें।

# समान नागरिक संहिता टुकड़ों में क्यों देना चाहती है भाजपा, राज्यों की तरह केंद्र क्यों नहीं उठाता कदम?

देश जब समान रूप से प्रगति और विचारों के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है तो इसका असर समान रूप से समाज पर भी दिखना चाहिए। सबको एक जैसे अधिकार मिलें तो उनकी जिम्मेदारी भी एक जैसी हो। सरकार का यह कर्तव्य है कि वह देश के सभी नागरिकों को एक ही 'चश्मे' से देखे। इसके लिए जरूरी है कि सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बने, इसके लिए समान नागरिक संहिता से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी जिसकी केन्द्र से लेकर कई राज्यों में सरकारें हैं, वह स्वयं और उसके मेंटर समझा जाने वाला राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यानि आरएसएस भी समान नागरिक संहिता की वकालत लम्बे समय से करता चला आ रहा है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि बीजेपी की राज्य सरकारें तो समान नागरिक




संहिता के मामले में आगे आ रही हैं, लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है। इसको लेकर सर्वोच्च अदालत भी खुश नहीं है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश के लिए जारी घोषणा पत्र में फिर से सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया है। कुछ इसी तरह की पहल चुनाव का सामना करने जा रही गुजरात सरकार ने भी की है। उसने एक समिति गठित कर राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी समान नागरिक संहिता के पक्ष में खड़ी है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी के दोबारा सत्ता में आने के बाद प्रदेश में समान नागरिक संहिता की ओर कदम बढ़ाये जा रहे हैं। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कहते हैं कि देश को अब इसकी जरूरत है। पूरे देश में एक कानून लागू किया जाए। उनका कहना है कि पहले की सरकारों ने तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इस पर ध्यान नहीं दिया। समान नागरिक संहिता कानून बनाने के मामले में उत्तराखंड सरकार की तेजी भी देखने लायक है। वह कहती कुछ है और करती कुछ है। कायदे से अब उत्तराखंड सरकार को इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। उसे कम से कम इतना तो करना ही चाहिए था कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का कोई प्रारूप सामने लाए, जिससे उस पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया तेज हो सके। बहरहाल, कुछ लोगों को लगता है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना जरूरी हो तो इसके लिए केन्द्र को आगे आकर कानून बनाना चाहिए। क्योंकि समान नागरिक संहिता तो सारे देश में लागू करने की आवश्यकता है।

# किसी भाषा का विरोध करना ठीक नहीं, सभी भारतीय भाषाओं का समान सम्मान होना चाहिए

आज दो खबरों ने बरबस मेरा ध्यान खींचा। एक तो मुख्य न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ के बयान ने और दूसरा गृहमंत्री अमित शाह के बयान ने! दोनों ने वही बात कह दी है, जिसे मैं कई दशकों से कहता चला आ रहा हूं लेकिन देश के किसी न्यायाधीश या नेता की हिम्मत नहीं पड़ती कि भाषा के सवाल पर वे इतनी पुख्ता और तर्कसंगत बात कह दें। चंद्रचूड़ ने 'हिंदुस्तान टाइम्स' की संगोष्ठी में बोलते हुए कह दिया कि कोई यदि अच्छी अंग्रेजी बोल सकता है तो इसे उसकी योग्यता का प्रमाण नहीं माना जा सकता और उसकी योग्यता इस बात से भी नापी नहीं जा सकती कि वह व्यक्ति कौन से नामी-गिरामी स्कूल या कालेज से पढ़कर निकला है। हमारे देश में इसका एकदम उल्टा ही होता है। इसका एकमात्र कारण हमारे नेताओं और नौकरशाहों की बौद्धिक गुलामी है।

अंग्रेजों की लादी हुई औपनिवेशिक व्यवस्था ने भारत की शिक्षा और चिकित्सा दोनों को चौपट कर रखा है। महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. रामनोहर लोहिया ने इस राष्ट्रीय कलंक के विरुद्ध क्या-क्या नहीं कहा था? इस औपनिवेशिक और पूंजीवादी मनोवृत्ति के खिलाफ हमारे वामपंथियों ने भी



जब-तब बोला और लिखा है लेकिन अब देश के सर्वोच्च न्यायाधीश यह बात बोल रहे हैं तो वे सिर्फ बोलते ही न रह जाएं। इस दिशा में कुछ करके भी दिखाएं। भारत की सभी अदालतों में भारतीय भाषाओं में फैसले और बहस भी हों, ऐसी घोषणा वे क्यों नहीं करते? वे संसद को सारे कानून हिंदी में बनाने के लिए बाध्य या प्रेरित क्यों नहीं करते? गृहमंत्री अमित शाह ने इस प्रक्रिया का रास्ता दिखा दिया है। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से कहा है कि वह अपने स्कूल-कालेजों की पढ़ाई तमिल माध्यम से क्यों नहीं करवाती?

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को दी गई भावभीनी विदाई





कैलाश वर्मा अनुपपुर

**शहडोल।** माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात कार्यक्रम स्थल लालपुर स्थित हेलीपैड में प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौंहान, केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय श्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री इस्पात एवं ग्रामीण विकास श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहडोल के प्रभारी मंत्री श्री राम खेलावन पटेल, प्रदेश की जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह, खाद्य मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह, सांसद श्री व्ही डी शर्मा, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक श्री जय सिंह मरावी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री शिवनारायण सिंह, प्रमुख सचिव गृह श्री राजेश राजौरा, आयुक्त शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा, एडीजी श्री डी सी सागर, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।



## झलकियां–




- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के मंच पर पहुंचते ही विशाल जनसमुदाय ने उनके पहले मध्य प्रदेश प्रवास पर करतल ध्वनि से भव्य स्वागत किया।
- राष्ट्रगान के साथ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ और समापन।
- महामहिम राष्टपति का आदिवासी लोक कलाकारो द्वारा जनजातीय पारंपरिक नृत्य से स्वागत किया गया।
- राष्टपति ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति का मंच पर स्वागत करते हुये उन्हें जनजातीय लोक चित्रकला की प्रतिकृति भेट की।
- आदिवासी बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य की कार्ययोजना से संबंधित संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम की पुस्तिका का विमोचन राष्ट्रपति ने किया।
- पेसा एक्ट के निगमन होने की राजशासन द्वारा जारी नियमावली की प्रथम प्रति राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों में सौंपी।



# पहाड़ों में बर्फबारी से सर्दी बढ़ी रात का तापमान 12.5 डिग्री पर



**विदिशा।** इन दिनों पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ बारिश हो रही है। कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। उत्तर से से ठंडी हवाओं का आना जारी है। इसके असर से यहां ठंड बढ़ रही है। सोमवार को रात का तापमान 12.5 डिग्री तक गिर गया। आसमान साफ होने व खिली धूप निकलने से दिन का तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया। लेकिन आने वाले दिनों में यह तापमान और नीचे आएगा। जिससे दिन में भी सर्दी बढ़ेगी। सीहोर कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर के अनुसार अब एकाध दिन मौसम में स्थिरता रहेगी। 18 से 19 नवंबर तक रात का तापमान 11 डिग्री तक गिरेगा। दिन का तापमान 28 डिग्री से नीचे आएगा।

## सलकनपुर धाम में 8 लाख की चोरी, नोटों से भरे 2 बोरे रोप-वे पर पड़े मिले

**सीहोर।** सीहोर के सबसे बड़े देवी धाम मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर में लाखों की चोरी हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंदिर में दान में मिले पैसे और आभूषण जिस कमरे में रखे थे, वहां चोरों ने हाथ साफ कर लिया। मंदिर के सूत्रों का कहना है कि नोटों से भरे बोरे चोरी हुए है। कलेक्टर प्रवीण सिंह से चोरी की घटना की पुष्टि की है। बता दें, देवी धाम सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में 24 घंटे रहता है। पुलिस के अनुसार, मंदिर से 8 लाख की चोरी हुई है। चोर अपने साथ 6 बोरियां ले गए हैं। जबकि, नोटों से भरे 2 बोरे रोपवे पर मिले हैं। मंदिर परिसर में बने स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर चोरों ने 8 लाख की चोरी की। हालांकि, चोरी हुए रकम की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। आईजी, सीहोर एसपी और कलेक्टर सहित पूरा प्रशासनिक अमला मंदिर में मौजूद है।





















# महिला मुक्केबाज मैरीकॉम एथलीट कमिशन की अध्यक्ष बनीं : उपाध्यक्ष



**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ ने दिग्गज महिला मुक्केबाज मैरीकॉम को आईओए की एथलीट्स कमिशन का अध्यक्ष चुना है। सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुनी गईं। वहीं, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल उपाध्यक्ष चुने गए। मैरीकॉम आठ बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट रह चुकी हैं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप में छह बार (2002, 2005, 2006, 2008, 2010, 2018) स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। वहीं, 2012 लंदन ओलंपिक में मैरीकॉम ने कांस्य पदक जीता था। मैरीकॉम दो बार की एशियन गेम्स मेडलिस्ट भी रह चुकी हैं। 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में मैरीकॉम ने स्वर्ण और 2010 ग्वांग्झू एशियन गेम्स में कांस्य जीता था। वह 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक भी जीत चुकी हैं। वहीं, शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक (9 स्वर्ण) और समरेश के नाम 14 पदक (7 स्वर्ण) हैं।

# भारत के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित, गुप्टिल-बोल्ट को बाहर



**एजेंसी ❑ वेलिंग्टन**

भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का एलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सीनियर ओपनर मार्टिन गुप्टिल और दिग्गज तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को टीम से बाहर कर दिया है। वहीं, उनकी जगह फिन एलेन ही अब दोनों फॉर्मेट में टीम के लिए ओपनिंग करते दिखेंगे। भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 और वनडे सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरुआत 18 नवंबर से हो रही है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने दोनों सीरीज के लिए 13-13 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है।केन विलियम्स दोनों टीमों की कप्तानी करते दिखेंगे। वहीं, टीम बुधवार को ट्रेनिंग के लिए वेलिंग्टन पहुंच जाएगी। 23 साल के युवा ओपनर एलेन ने अब तक 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय और आठ वनडे मुकाबले खेले हैं। इसमें उन्होंने पांच अर्धशतक और एक शतक लगाया है। एलेन को जगह मिलने से गुप्टिल टीम से बाहर हो गए। एलेन हाल ही में खत्म हुए टी20 वर्ल्ड कप में भी न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा थे। वहीं, बोल्ट का बाहर होना हैरान करने वाला है, क्योंकि यह पेसर न्यूजीलैंड के कंडीशन में अपनी पेस और स्विंग से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकता है। टिम साउदी टी20 और वनडे दोनों सीरीज में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावा लोकी फर्ग्यूसन, ब्लेयर टिकनर, एडम मिल्ने और मैट हेनरी (सिर्फ वनडे) को भी टीम में जगह मिली है। मिल्ने 2017 के बाद पहली बार वनडे खेलते दिखेंगे। हालांकि, वह टी20 खेलते रहे हैं। हाल ही में पाकिस्तान-बांग्लादेश के खिलाफ ट्राइ सीरीज और पिछले टी20 वर्ल्ड कप में वह न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा थे।न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बोल्ट और गुप्टिल के अनुभव को छोड़ना कभी आसान नहीं था, लेकिन टीम को आगे देखना था। स्टीड ने कहा- जब बोल्ट ने अगस्त में न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुबंध से बाहर निकलने का विकल्प चुना, तो हमने संकेत दिया कि केंद्रीय या घरेलू अनुबंध वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां ऐसा ही हुआ है। हम सभी बोल्ट की विश्व स्तरीय क्षमता से अवगत हैं, लेकिन इस बार आगे के टूर्नामेंट्स को देखते हुए हम दूसरों को अवसर और अनुभव देना चाहते हैं। व्हाइट-बॉल क्रिकेट में शीर्ष क्रम में फिन एलेन के उभरने और सफलता का मतलब है कि मार्टिन गुप्टिल को बाहर होना होगा। स्टीड ने कहा- 50 ओवर के विश्व कप में एक साल से भी कम समय बचा है। हम फिन को वनडे का अनुभव हासिल करने का हर मौका देने के इच्छुक हैं। खासकर भारत जैसे क्वालिटी टीम के खिलाफ। उन दोनों खिलाड़ियों के लिए संदेश यह है कि आगे बहुत सारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और निश्चित रूप से उनके लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज की शुरुआत पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज से होगी। पहला टी20 18 नवंबर को वेलिंग्टन में खेला जाएगा। इसके बाद 20 नवंबर को तौरांगा और 22 नवंबर को नेपियर में बाकी दोनों टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद 25 नवंबर से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। पहला वनडे ऑकलैंड में, दूसरा वनडे 27 नवंबर को हैमिल्टन में और तीसरा वनडे 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

# आईपीएल का अगला सीजन नहीं खेलेंगे पैट कमिंस

**एजेंसी ❑ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने अगले साल के आईपीएल में नहीं खेलने का फैसला लिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिजी शेड्यूल को इसकी वजह बताई है। कमिंस को इसी साल मेगा ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, अब उन्होंने अगले साल टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला लिया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। उन्होंने ट्वीट कर कहा- मैंने अगले साल के आईपीएल में नहीं खेलने का कठिन फैसला लिया है। अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम अगले 12 महीनों के लिए टेस्ट और वनडे से भरा हुआ है। इसलिए एशेज सीरीज और विश्व कप से पहले थोड़ा आराम करूंगा। कोलकाता नाइट राइडर्स को उनकी समझ के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारी टीम शानदार खिलाड़ियों और स्टाफ से भरी है। मैं जल्द से जल्द वहां पहुंचने की आशा करता हूं। कमिंस अगले साल जून में शुरू होने वाली एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद आईसीसी मेन्स वनडे वर्ल्ड कप अक्तूबर और नवंबर में भारत में होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया के पास वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का भी शानदार मौका है। कमिंस की टीम इस समय वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर है। इसके साथ ही अगले वर्ष की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत आएगी। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उस सीरीज के रिजल्ट से यह निर्धारित होगा कि कौन सी टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के शीर्ष दो स्थानों पर रहेगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचेगी। इस साल के आईपीएल में कमिंस ने नाइट राइडर्स के लिए पांच मैचों में सात विकेट झटके थे। साथ ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 14 गेंदों पर 50 रन बनाकर बल्ले से भी सुर्खियां बटोरीं थीं।




# पत्नी रिवाबा के प्रचार में जुटे रवींद्र जडेजा

**एजेंसी ❑ जामनगर**

भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा को भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है और जडेजा पत्नी के लिए चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। जडेजा ने सोमवार को कहा कि उनकी पत्नी रिवाबा जडेजा प्रधानमंत्री नरेंद्र के रास्ते पर चलकर जनता के लिए काम करना चाहती हैं। रिवबा को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में जामनगर उत्तर सीट से मैदान में उतारा है। रवींद्र जडेजा ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि रीवाबा विधानसभा चुनाव में पहली बार अपनी उम्मीदवारी से बहुत कुछ सीखेंगी। उन्होंने कहा, वह विधायक उम्मीदवार के रूप में पहली बार हैं और वह बहुत कुछ सीखेंगी। मुझे उम्मीद है कि वह इसमें आगे बढ़ेंगी। उन्हें लोगों की मदद करना पसंद है और हमेशा लोगों की मदद करना चाहती हैं। इसलिए राजनीति में शामिल हुई हैं। वह लोगों के लिए काम करने के लिए पीएम मोदी का अनुसरण करना चाहती हैं। इससे पहले रविवार को जडेजा ने जामनगर के लोगों से अपनी पत्नी रिवाबा जडेजा को वोट देने की अपील की थी।

# न्यूजीलैंड की सड़कों पर रिक्शे में घूमते नजर आए हार्दिक और विलियम्सन

**वेलिंग्टन।** भारतीय टीम मिशन 2024 टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत करने जा रही है। टीम इंडिया शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसमें हार्दिक पांड्या टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इससे टीम इंडिया में बदलाव की शुरुआत हो चुकी है और अब रोहित शर्मा समेत कुछ सीनियर खिलाड़ियों को टी20 फॉर्मेट से हटा दिया जाएगा और हार्दिक को ही बतौर कप्तान प्रमोट किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 वेलिंग्टन में खेला जाएगा। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम होगा क्योंकि दोनों ही टीमों को टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में हार मिली थी। ऐसे में दोनों टीमें अपना वर्चस्व दिखाने की कोशिश करेंगी। सीरीज से पहले दोनों ही टीमों के कप्तानों ने अनोखे अंदाज में वेलिंग्टन में फोटोशूट कराया। हार्दिक और विलियम्सन ने वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम के पास तस्वीरें खिंचवाईं। इस दौरान दोनों ही एक स्पेशल रिक्शे में फोटोशूट के लिए पहुंचे। इस रिक्शे में दो स्टीयरिंग थी। हार्दिक और विलियम्सन दोनों ही रिक्शे को ड्राइव करते नजर आए। इसके बाद दोनों समूद्र किनारे रखी गई ट्रॉफी के पास पहुंचे और फिर फोटोशूट करवाया। हार्दिक और विलियम्सन इस दौरान हंसी-मजाक करते भी दिखे। जिस रिक्शे में दोनों बैठे थे, उसे न्यूजीलैंड में क्रोकोडाइल बाइक कहा जाता है।



यह वहां काफी चर्चित है। फोटोशूट के दौरान जब दोनों ट्रॉफी के साथ पोज दे रहे थे, तभी जोर की हवा आई और जिस डेस्क पर ट्रॉफी रखी थी, उसे हिला दिया। ऐसे में ट्रॉफी का बैलेंस बिगड़ा। हालांकि, विलियम्सन ने सही समय पर रिएक्ट करते हुए गिरते हुए ट्रॉफी को पकड़ लिया और उसे गिरने से बचा लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैन्स विलियम्सन के रिएक्शन टाइम की काफी चर्चा कर रहे हैं। हार्दिक ने भी कार्डबोर्ड से बने डेस्क को गिरने से बचा लिया।

# *अगले साल ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा भारत, पांच साल बाद दिल्ली में हो सकता है टेस्ट मैच*

**नई दिल्ली।** अगले साल चार टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया को भारत का दौरा करना है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस सीरीज से फाइनल में पहुंचने वाली टीम का फैसला हो सकता है। फिलहाल ऑस्ट्रेलियाई टीम 70 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, भारतीय टीम 52.08 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ चौथे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका (60) दूसरे और श्रीलंका (53.33) तीसरे स्थान पर है। पॉइंट्स टेबल में शीर्ष की दो टीमें अगले साल फाइनल खेलेंगी। भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी कहते हैं, अगले साल फरवरी-मार्च में प्रस्तावित है। हालांकि, अभी तारीखों और मेजबान शहर की घोषणा नहीं हुई है। अगले कुछ दिनों में इस पर फैसला हो सकता है। हालांकि, दिल्ली का अरुण जेटली स्टेडियम चार में से एक टेस्ट मैच की मेजबानी कर सकता है। ऐसा हुआ तो पांच साल बाद अरुण जेटली स्टेडियम टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। बाकी तीन टेस्ट मैचों के लिए अहमदाबाद, धर्मशाला और चेन्नई ने दावेदारी पेश की है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले आखिरी टेस्ट सीरीज होगी। भारत को फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए




ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराना भी पड़ सकता है। फिलहाल यह सीरीज चार टेस्ट मैचों की है, लेकिन अगले एफटीपी साइकिल से भारत और ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगी। बीसीसीआई के रोटेशन फॉर्मूला के हिसाब से दिल्ली को एक टेस्ट मैच की मेजबानी मिलेगी, क्योंकि कोविड के समय यहां कोई मैच नहीं खेला गया था। पिछली बार यहां टेस्ट मैच दिसंबर 2017 में भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि दिल्ली भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट मैच की मेजबानी कर सकता है। इस पर फैसला मीटिंग के बाद लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया- धर्मशाला, जहां पिछला टेस्ट करीब छह साल पहले खेला गया था, तीसरे टेस्ट की मेजबानी कर सकता है। धर्मशाला में पिछला टेस्ट मार्च 2017 में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत चेन्नई या हैदराबाद में हो सकती है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज का आखिरी टेस्ट खेला जा सकता है।

